प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 19.05.2024
समय : 09:00 ए.एम.

- जम्मूकश्मीर में आतंकी हमला–अनंतनाग में आतंकवादियों के हमले से जयपुर के दंपत्ति घायल।
- प्रदेश में भीषण गर्मी से लोग बेहाल–बाडमेर में पारा 46 दशमलव 9 डिग्री सैल्सियस दर्ज।
- राज्य में अवैध खनन के मामलों में जुर्माना राशि की वसूली के लिए उठाये जायेंगे सख्त कदम।
- जयपुर में आज से राष्ट्रीय सहकार मेले की शुरूआत–28 मई तक चलने वाले मेले में मिलेंगे विभिन्न मसाले।

जम्मू–कश्मीर में आतंकी हमला हुआ है। ये हमला अनंतनाग और शोपिया में हुआ। कश्मीर जोन पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिये बताया कि अनंतनाग के यन्नार में हुए हमले में जयपुर के एक दंपत्ती को गोली लगी है। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सेना ने इलाके की घेराबंदी कर ली है। उधर शोपिया में पूर्व सरपंच को गोली मारी गई। हमलावारों को पकडने के लिए तलाशी अभियान जारी है। हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली हैं

धौलपुर जिले के बसेइ डांग क्षेत्र से ईनामी दस्यु धर्मेन्द्र उर्फ लुक्का को पुलिस ने कल गिरफ्तार कर लिया। हमारे संवाददाता ने बताया कि उसके साथ दो अन्य आरोपियों को भी पकडा गया है।

प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में प्रचंड गर्मी का दौर जारी हैं। लू और गर्म हवाओं से लोग बेहाल हो रहे है। कल जयपुर, कोटा, भरतपुर, बीकानेर और जोधपुर संभाग में अधिकांश स्थानों पर लू का प्रकोप रहा। सबसे अधिक 46 दशमलव 9 डिग्री सैल्सियस तापमान बाडमेर में दर्ज हुआ। जालौर, श्रीगंगानगर, जैसलमेर, फलौदी, पिलानी सहित 8 शहरों में पारा 46 डिग्री सैल्सियस के पार रहा। इसके अलावा, भरतपुर, कोटा, जोधपुर, चूरू, धौलपुर, अंता बारां तथा संगरिया सहित 16 शहरों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सैल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में भी अधिकतम तापमान 44 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस रहा। झुलसाने वाली गर्मी से जनजीवन प्रभावित है और दिन के समय लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण दिन के समय सड़कों पर सन्नाटा देखा जा रहा है।

.....

बीकानेर में तेज गर्मी और लू से लोग परेशान हो रहे है। मौसमी बीमारियों का असर भी बढ़ गया है।

.....

प्रचण्ड गर्मी के दौर में जैसलमेर में पानी की किल्लत देखी जा रही है। जलदाय विभाग पेयजल संकट को दूर करने के लिए अवैध कनेक्शनों को काटने का अभियान चला रहा है। अंगारे बरसाती सूरज की तपिश से बाडमेर में जनजीवन अस्तव्यस्त हो रहा है। राष्ट्रीय मरू उद्यान में वन्य जीव भी भीषण गर्मी के काण व्याकुल नजर आ रहे है। नगर परिषद की ओर से सड़कों पर पानी का छिडकाव करवाया जा रहा है। इसके साथ ही पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का काम भी जारी हैं। जिला कलेक्टर निशांत जैन ने जिले के ग्रामीण और शहरी इलाकों में सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। मौसम केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार अगले दो–तीन दिन तक अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होने और लू का दौर करीब एक सप्ताह तक जारी रहने की संभावना हैं। जोधपुर, बीकानेर संभाग के कई हिस्सों और जयपुर, भरतपुर, कोटा संभाग में कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमान 45 से 46 डिग्री सैल्सियस के आस–पास रहने के आसार हैं।

राज्य में अवैध खनन गतिविधियों के मामलों की जुर्माना राशि की वसूली के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। खान सचिव आनन्दी ने माइंस और भूविज्ञान विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में कल ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध खनन की प्रभावी रोक के लिए ज्यादा से ज्यादा माइंनिग ब्लॉक्स तैयार कर नीलामी पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए विभाग की ओर से जून महीने का रोडमेप तैयार किया गया है। श्रीमती आनन्दी ने कहा कि प्रदेश में खनिजों की खोज के लिए ड्रिलिंग, रिपोर्टस के विश्लेषण और उसके बाद प्लॉट तैयार कर नीलामी करने से बेशकीमती खनिजों की अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लग सकेगी वहीं प्रदेश में राजस्व और रोजगार के अवसर विकसित हो सकेंगे। उन्होंने खनिज विभाग के कार्यालयों और क्षेत्र में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित कराने के भी निर्देश दिए।

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के लिए कल 49 सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में उत्तरप्रदेश की 14 महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की 7, बिहार और उडीसा की 5–5, झारखण्ड की 3, जम्मू कश्मीर और लद्दाख की 1–1 सीट पर वोट डाले जायेंगे। वहीं लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 889 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें जम्मू–कश्मीर के अनंतनाग–राजौरी निर्वाचन–क्षेत्र में दोबारा चुनाव के लिए 20 उम्मीदवार भी शामिल हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार, छठे चरण के लिए 58 निर्वाचन–क्षेत्रों में एक हजार नौ सौ 78 पर्चे भरे गए थे। इनमें से नौ सौ नामांकन वैध पाए गए।

लोकसभा चुनाव में धनबल और प्रलोभन को रोकने के लिए चुनाव आयोग के प्रयासों के कारण अब तक 8 हजार 889 करोड़ रुपये की अवैध सामग्री पकडी जा चुकी है। इनमें तीन हजार 958 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त किए गये हैं। आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और प्रवर्तन एजेंसियों को निगरानी और अधिक बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से राष्ट्रीय सहकार मेला शुरू हो रहा है। 28 मई तक चलने वाला ये मेला सहकारिता विभाग और राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ की ओर से आयोजित किया जा रहा है। मेले में लोगों को देश और प्रदेश के प्रसिद्ध और श्रेष्ठ मसाले एक ही स्थान पर मिल सकेंगे। मेले में प्रवेश और पार्किंग निःशुल्क रहेगी। मेले के माध्यम से मसाला उत्पादक किसानों और छोटी इकाइयों का ग्राहकों से सीधे संपर्क हो सकेगा। मेले में रोजाना आकर्षक प्रतियोगिताएं भी होंगी।